डिस्कशन डॉक्यूमेंट समरी (चर्चा दस्तावेज़ सारांश)

# आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण के लिए एक वैधानिक प्रतिक्रिया

संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में स्वतंत्रता, निष्पक्षता और गरिमा (या सम्मान) की ओर

**1**

## हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि लोगों के साथ उचित और सम्मानपूर्ण व्यवहार किया जाए...

न्यूज़ीलैंडवासियों के रूप में, हम यह जानना चाहते हैं कि हमारे काम एक निष्पक्ष दुनिया बनाने में योगदान दे रहे हैं जहां लोगों के साथ आदर और सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है।

आधुनिक गुलामी और मजदूरों के शोषण का यहां या विदेशों में कोई स्थान नहीं है। फिर भी, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का अनुमान है कि दुनिया में आधुनिक गुलामी से 40 मिलियन (4 करोड़) लोग पीड़ित हैं, जबकि न्यूज़ीलैंड में हाल के वर्षों में शोषण के कई मामले पहचान में आए हैं।

**2**

## आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण, चाहे वह यहां हो या विदेश में, हम सभी पर नकारात्मक प्रभाव डालता है...

आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण के शिकार और उससे बचे लोगों को गंभीर शारीरिक और भावनात्मक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है जो उनके साथ शेष जीवन तक रह सकता है।

आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण का उपयोग भी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आधार पर एक वातावरण बनाता है, जिसमें आगे बढ़ने के लिए शोषणकारी प्रथाओं का लाभ उठाया जा सकता है। जबकि ज्यादा न्यूज़ीलैंडवासी जिम्मेदार व्यवसायों से खरीदारी करना चाहते हैं और जिम्मेदार संस्थाओं की सहायता करना चाहते हैं, यह निर्धारित करना हमेशा आसान नहीं होता है कि किन संगठनों ने प्रभावी उपाय किए हैं। कई लोग अपनी प्रथाओं के बारे में दावे कर रहे हैं, लेकिन अधिकांश लोग उन दावों को सत्यापित करने की स्थिति में नहीं होंगे।

हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और न्यूज़ीलैंड में आधुनिक गुलामी का जवाब देने तथा न्यूज़ीलैंड में संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में कर्मचारी शोषण प्रस्तावों के एक सेट (समूह) पर आपकी प्रतिक्रिया की मांग कर रहे हैं।

## मेरे लिए इसका क्या अर्थ होगा?

हमारा प्रस्तावित दृष्टिकोण डिस्क्लोज़र (प्रकटीकरण) और यथोचित परिश्रम-आधारित कानून को परिचित कराना है, प्रथाओं को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए जिसकी सहायता मार्गदर्शन और उपकरणों द्वारा की जाती है। ये प्रस्ताव आम तौर पर व्यापार और मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के मार्गदर्शक सिद्धांतों पर आधारित होते हैं, और हमारे कुछ सबसे बड़े व्यापारिक भागीदारों सहित विदेशों में पहले से ही शुरू किए गए कानून द्वारा सूचित किए गए हैं।

हम सभी संगठनों के लिए नई जिम्मेदारियों का प्रस्ताव कर रहे हैं। इसमें कुछ कंपनियां, सोल ट्रेडर्स (अकेले व्यापारी), साझेदारियां, स्टेट सैक्टर (राज्य क्षेत्र) के संगठन, स्थानीय सरकार, धर्मार्थ संस्थाएं, ट्रस्ट, इनकोरपोरेटिड (सम्मिलित या निगमित) संस्थाएं और माओरी ट्रस्ट तथा निगम शामिल होंगे। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को सीधे नियमित नहीं किया जाएगा। हालांकि, वे कानून की समग्र प्रभावशीलता सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उन्हें अपने उपभोग निर्णयों के हिस्से के रूप में आधुनिक गुलामी के संबंध में सूचित निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

उच्च आय वाले संगठनों के पास अधिक जिम्मेदारियां होंगी, जो इस प्रकार हैं:

| उत्तरदायित्व | संस्था का आकार आमदनी: छोटा <$20मिलियन से कम | मीडियम (मध्यम) $20-50मिलियन | विशाल या बड़ा >$50मिलियन से अधिक |
|---|---|---|---|
| 1. यदि वे इसके बारे में जानते हैं तो उचित और आनुपातिक (या अनुरूप) कार्रवाई करें:<br>• उनके **अंतरराष्ट्रीय** संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी, या<br>• उनके **घरेलू** संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी या कर्मचारी शोषण। | ✓ | ✓ | ✓ |
| 2. न्यूज़ीलैंड की संस्थाओं द्वारा आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण को रोकने, कम करने और उसका निदान करने के लिए यथोचित परिश्रम किया जाता है, **जहां वे पेरेन्ट (मूल) या होल्डिंग (धारक) कंपनी हैं या महत्वपूर्ण संविदात्मक (समझौता) नियंत्रण रखते हैं।** | ✓ | ✓ | ✓ |
| 3. उन कदमों का खुलासा करें जो वे संबोधित करने के लिए उठा रहे हैं:<br>• उनकी **अंतरराष्ट्रीय** संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी, और<br>• उनकी **घरेलू** संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी या कर्मचारी शोषण। | | ✓ | ✓ |
| 4. अपनी **अंतरराष्ट्रीय** संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी को रोकने, कम करने और उनके घरेलू संचालन **और** आपूर्ति श्रृंखला में आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण को रोकने के लिए यथोचित परिश्रम करना। | | | ✓ |

इन प्रस्तावों को व्यापक प्रभाव के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें निम्न शामिल हैं:

- उपभोक्ताओं को विश्वास हो सकता है कि वे जिन वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग करते हैं, उनका उत्पादन शोषण के साथ नहीं किया जा रहा है।
- व्यवसाय ज्यादा बराबरी के स्तर पर काम कर सकते हैं, जहां लागत में कटौती के लिए कर्मचारियों के मानकों से समझौता नहीं किया जाता है। यह कानून न्यूज़ीलैंड की अंतरराष्ट्रीय ब्रांड को भी मजबूत करेगा और हमारे व्यवसायों के लिए दुनिया के साथ व्यापार को जारी रखना आसान बना देगा।
- शोषण के शिकार और उत्तरजीवियों के साथ निष्पक्ष, सम्मान और आदर के साथ व्यवहार किया जाएगा।

## मुझे क्या यथोचित परिश्रम करने की आवश्यकता होगी?

संभावित उपायों की एक विस्तृत श्रृंखला है जिसे किसी भी पहचाने गए जोखिम को रोकने और कम करने के लिए लागू किया जा सकता है। उपयुक्त कार्रवाई परिस्थितियों पर निर्भर करेगी, लेकिन इसमें निम्न शामिल हो सकते हैं, उदाहरण के लिए:

- मानवाधिकारों और रोजगार मानकों की रक्षा के साथ क्षमता का आकलन करने के लिए आपूर्तिकर्ताओं का नियमित रूप से सर्वेक्षण करना
- आपूर्तिकर्ताओं के मानवाधिकारों और रोजगार मानकों के अनुपालन के तीसरे पक्ष के ऑडिट को कमीशन करना (शुरू करना)
- किसी इकाई के संचालन या आपूर्ति श्रृंखला में लोगों के लिए सीधे इकाई को चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए तंत्र या प्रणाली स्थापित करना
- आपूर्तिकर्ताओं, और कर्मचारियों को उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में, प्रासंगिक अधिकारों और दायित्वों के बारे में शिक्षित करना।

## आप किस बारे में परामर्श कर रहे हैं?

इन प्रस्तावों से न्यूज़ीलैंड में हर कोई प्रभावित होगा। हम सभी हितधारकों की प्रतिक्रिया का हार्दिक स्वागत करते हैं:

1. क्या आपको लगता है कि न्यूज़ीलैंड को आपूर्ति श्रृंखलाओं में आधुनिक गुलामी और कर्मचारी शोषण को संबोधित करने की जरूरत है और यदि हां, तो हमें यह कैसे करना चाहिए?
2. यह आपको कैसे प्रभावित करेगा?

**अधिक जानकारी यहां से: mbie.govt.nz/modern-slavery प्राप्त करें**

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government